'कृषि भारत' में जुटेंगे आठ प्रदेशों के करीब एक लाख किसान

राब्यू, जागरण • लखनऊ : कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) के सहयोग से प्रदेश सरकार 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में 'कृषि भारत' का आयोजन करेगी। लखनऊ के वृदांवन योजना मैदान में होने वाले इस आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को करेंगे। कृषि भारत में उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों के करीब एक लाख किसानों के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है।

कृषि भारत-2024 मेले का आयोजन 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। इसमें 250 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की संभावना है। इस दौरान

- **मुख्यमंत्री 15 नवंबर को करेंगे शुभारंभ, नीदरलैंड्स होगा पार्टनर कंट्री**

कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेरी, एग्री इनपुट एंड फार्म सर्विसेज सहित अन्य विषयों पर एक दर्जन से अधिक किसान संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा और चार हजार से अधिक कृषि व्यवसाय से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। इस आयोजन के माध्यम से कृषि क्षेत्र में हो रहे नए-नए नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा और किसानों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए अलग-अलग स्टाल तैयार किए जाएंगे। इनमें कृषि पर्यटन, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन शामिल होंगे।